Imperial auto

इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं संरक्षा

इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ("आईएआई" ("IAI") या "कंपनी") में हम कार्यरत मानव संसाधन और हमारे सहभागियों को महत्व देते हैं। हम अपने सभी कार्यालयों में सुरक्षित और स्वस्थ कार्य माहौल प्रदान करके हमारी व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं संरक्षा प्रबंधन प्रणाली (OHS) में श्रेष्ठता प्राप्त करने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

हम इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए,

1) सुनिश्चित करेंगे कि व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं संरक्षा प्रबंधन प्रणाली (OH&S) के विचारों को उतना ही महत्व दिया जाए जितना कंपनी के दूसरे व्यावसायिक उद्देश्यों को दिया जाता है, साथ ही, कंपनी कर्मचारियों की सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए इन विचारों को संचालन के पहलुओं के साथ एकीकृत भी करेंगे।
2) आधुनिक तकनीकों द्वारा OH&S मानकों का अपग्रेड/उन्नयन कर और उनका पालन कर व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं संरक्षा प्रदर्शन में निरंतर सुधार करेंगे।
3) कार्य माहौल को सुरक्षित रखने के लिए कर्मचारियों, ठेकेदारों, आगंतुकों और अन्य हितधारकों को सम्मिलित कर उनके सहयोग द्वारा मानककृत प्रक्रियाओं और कार्य विधियों को लागू करेंगे।
4) कर्मचारियों और सेवा प्रदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी, निर्देश, प्रशिक्षण प्रदान कर उनका मार्गदर्शन करेंगे ताकि वे सभी अपना कार्य सुरक्षित रूप से करने में सक्षम बनें।
5) व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं संरक्षा प्रबन्धन व्यवस्था के प्रदर्शन का निरीक्षण, ऑडिट और समीक्षा करेंगे।
6) हमेशा वैधानिक नियमों का अनुपालन और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करेंगे।
7) सुनिश्चित करेंगे कि OH&S प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए प्रत्येक गतिविधि और निर्णय लेने की प्रक्रिया में पर्याप्त संसाधन, समर्थन और व्यावसायिक स्वास्थ्य और संरक्षा (OH&S) मानकों का पालन हो।

यह नीति सभी कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, आगंतुकों और हितधारकों के साथ विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा साझा की जाएगी और सभी स्थानों पर इसे प्रदर्शित भी किया जाएगा।

दिनांक : 12.06.2024

Tarun Lamba
प्रबंध निदेशक